

# पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

- तापी के उद्गम स्थल पर आयोजित हुए मेले
- पूर्व विधायक की चुनरी यात्रा में शामिल हुए श्रद्धालु

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 5 नवंबर. पूरे जिले में कार्तिक पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्तिक पूर्णिमा पर ताप्ती नदी के तटों पर स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ गई।**

वहीं ताप्ती तटों के किनारे मेलों का नजारा देखने को मिला। जिला मुख्यालय से कुछ ही किलोमीटर दूर पर स्थित खेड़ी सांवलीगढ़ के पास ताप्ती नदी, बारहलिंग और आठनेर रोड ताप्ती नदी पर स्नान करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान करने के लिए बुधवार अल सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। दिन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ गई। श्रद्धालुओं ने ताप्ती में डुबकी लगाने के बाद सूर्य को अर्ध्य दिया और पूजा अर्चना की। सुबह से शाम तक श्रद्धालु ताप्ती नदी के तटों पर पूजा अर्चना करने मौजूद रहे। इन स्थानों पर श्रद्धालु तो पहुंचे, लेकिन दुकानें बहुत कम लगी थी। नारियल प्रसादी की दुकानें अधिक दिखाई दे रही थी, अन्य दुकानें नहीं थी। मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन ताप्ती नदी में स्नान करने से श्रद्धालुओं के कष्ट दूर हो जाते है और मां ताप्ती का आशीर्वाद बना रहता है। खेडीसांवलीगढ़ ताप्ती नदी के तट पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की। आठनेर क्षेत्र में एमपी और महाराष्ट्र की सीमा पर सालबर्डी मेले में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ गई। मेले में पहुंचने के लिए सुबह से ही लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। इधर भैंसदेही पूर्णा नदी पर भी मेले की शुरूआत हो गई है।

**ताप्ती उद्गम स्थल पर लगा श्रद्धालुओं का तांता :** कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर पवित्र नगरी मुलताई ताप्ती उद्गम स्थल पर स्नान करने के लिए श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे। सुबह से लेकर शाम तक यहां श्रद्धालुओं का तांता लगा था।

### चुनरी यात्रा में उमड़े हजारों श्रद्धालु, जगह-जगह हुआ स्वागत

**बैतूल।** आस्था, समर्पण और सामाजिक एकजुटता का अद्भुत संगम बुधवार को बैतूल की धरती पर देखने को मिलेगा, जब कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक निलय विनोद डागा के नेतृत्व में हजारों श्रद्धालु मां ताप्ती चुनरी पदयात्रा में शामिल हुए। दरअसल किसानों और सर्वहारा वर्ग की खुशहाली के संकल्प के साथ कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर पदयात्रा सुबह 7 बजे कोठी बाजार लल्ली चौक स्थित प्राचीन शिव मंदिर से प्रारंभ हुई, जो थाना चौक, टिकारी अखाड़ा चौक, कारगिल चौक, सदर ग्राम दनोरा, भड़ूस, महदगांव, डहरगांव, खेड़ी सांवलीगढ़ से होते हुए ताप्ती घाट पहुंची। जहां सूर्य पुत्री जीवनदायिनी मां ताप्ती को चुनरी अर्पित कर जिले की समृद्धि, खुशहाली एवं सुख-शांति की प्रार्थना की गई।


## अवैध परिवहन पर खनिज विभाग की कार्यवाही जारी

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं खनिज अधिकारी सचिन वर्मा के निर्देशन में आज रूठियाई एवं कुंभराज क्षेत्र में आकस्मिक भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान कुंभराज में 01 ट्रैक्टर-ट्रॉली एम सैंड का अवैध परिवहन करने के कारण जब्त कर थाना कुंभराज में खड़ा कराया गया। साथ ही रूठियाई क्षेत्र में ट्रैक्टर लोडर से मिट्टी का अवैध खनन कर विक्रय होना पाए जाने से जब्त कर थाना रूठियाई खड़ा कराया गया है। उक्त वाहनों के प्रकरणों को तैयार कर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। कार्यवाही में प्रभारी खनिज निरीक्षक विजय कुमार चक्रवर्ती, खनिज सिपाही श्रीराम भरोसा, सैनिक हकीम सिंह रघुवंशी, सैनिक रघुनंदन रघुवंशी, सैनिक राजीव रघुवंशी उपस्थित रहे।

# अटेंडेंस के नाम पर बॉन्ड वाले डॉक्टरों का फर्जीवाड़ा

**सीएमएचओ ने 32 डॉक्टरों को थमाए नोटिस**

**जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर करेंगे कार्रवाई**



नवभारत न्यूज

**बुधनी 5 नवंबर. सार्थक एप पर अटेंडेंस लगाने का बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है. स्वास्थ्य विभाग में हुए इस फर्जीवाड़े से हर कोई हैरान है. सीएमएचओ ने जिले के 32 बॉन्ड डॉक्टर ( बंध चिकित्सक ) को नोटिस देते हुए तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा है. वहीं तीन बीएमओ को भी नोटिस दिया है कि अब तक उनकी नजर इस गड़बड़झाले पर क्यों नहीं पड़ी.**

दरअसल स्वास्थ्य विभाग ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सार्थक एप पर अटेंडेंस लगाने के निर्देश दिए हैं. जिनमें चिकित्सक भी शामिल हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में काम कर रहे चिकित्सकों ने अटेंडेंस लगाने का नया तरीका ढूंढ निकाला. जिसके चलते यह बॉन्ड डॉक्टर्स फर्जी तरीके से फोटो के माध्यम से अटेंडेंस लगा रहे थे और खुद ड्यूटी नहीं जाते थे. इसका खुलासा तब हुआ जब राज्य स्तर पर सार्थक एप की ऑनलाइन अटेंडेंस की समीक्षा की गई. समीक्षा में पता चला कि एप पर इन डॉक्टर्स की अटेंडेंस में फर्जीवाड़ा हो रहा है. इनकी अटेंडेंस फोटो के माध्यम से लग रही है. इसके बाद सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने इन सभी 32 डॉक्टर्स को नोटिस देते हुए तीन दिन में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए.

**इन डॉक्टरों को थमाए नोटिस**

डॉ. एहतिशम वसीम, डॉ. अजली विश्वकर्मा, डॉ. आयुष्मान वरयानी, डॉ. अभिषेक दांगी, डॉ. अभिषेक जोशी, डॉ. अभिषेक कुमार नागर, डॉ. आदित्य भट्ट, डॉ. अंबिकेश कुमार तिवारी, डॉ. अमित सागर, डॉ. आयुशी रोशन, डॉ. विपाशा बराट, डॉ. जयेश दयाल, डॉ. मदिया अफ़जल, डॉ. मेघा चौहान, डॉ. निधी कामदार, डॉ. रिचिता चौहान, डॉ. श्रद्धा माण्डली, डॉ. शुभम छत्तानी, डॉ. सुलेखा रावत, डॉ. सुष्मिता चंदानी, डॉ. स्वाति मिश्रा, डॉ. वैष्णवी शर्मा, डॉ. विननी थवानी, डॉ. विश्वजीत भारती, डॉ. इशानल बसित खान, डॉ. कृष्णा दांगी, डॉ. राजीव दांगी, डॉ. राजनारायण मीना, डॉ. सना जेहरा नकवी, डॉ. शीतल बामनिया शामिल हैं.



## रामलीला महोत्सव प्रारंभ

**अशोकनगर। अंबेडकर भवन के पास स्थित रामलीला मंच पर श्री राम सिद्ध कला परिषद द्वारा 15 दिवसीय रामलीला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुरूआत मंगलवार को शिव पार्वती संवाद के साथ किया गया।**

इस दौरान लीला का शुभांरभ अवसर पर मुख्य अतिथि विनोद सोनी एवं बिशेष अतिथि नपाध्यक्ष नीरज मनोरिया, उपाध्यक्ष रीना मनोज शर्मा द्वारा फीता काटकर एवं रामायण जी की आरती के साथ किया गया। परिषद के सचिव पीयूष पाराशर ने बताया कि रामलीला में विगत रात्रि शिव पार्वती संवाद का मंचन किया, जिसमें शिव का अभिनय विवेक शर्मा एवं पार्वती का अभिनय उनकी पत्नी रानी शर्मा द्वारा किया गया।

## प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारे में ग्रहण किया लंगर

### नगर कीर्तन में गुरुनानक जी के चित्र को रथ में विराजित किया

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व पर बुधवार को नगर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये. इस अवसर पर प्रातःकाल नगर कीर्तन का आयोजन किया गया. नगर कीर्तन स्थानीय रावजी पथ स्थित गुरुद्वारा से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होता हुआ पुनः गुरुद्वारा पर पहुंचा.**



नगर कीर्तन में श्री गुरुनानक देव जी के चित्र को आकर्षक रूप से सजे रथ में विराजित किया गया था. वही श्रद्धालु नगर कीर्तन करते हुए चल रहे थे. इस अवसर पर स्थानीय गुरुद्वारे में कथा कीर्तन एवं आरती अरदास हुई. जिसके उपरांत लंगर का आयोजन किया गया. जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सम्मिलित होकर प्रसादी ग्रहण की. इस मौके पर गुरुद्वारे में चल रहे गुरु ग्रंथ साहिब पाठ साहब का भी समापन हुआ. इस मौके पर गुरुद्वारे में गुरुवाणी और कीर्तन हुये. गुरुद्वारे में सुबह से देर शाम तक समाजसेवी संगठनों के कार्यकर्ताओं सहित नागरिकों की भीड़ लगी रही.

## पोषण दिवस पर 638 बच्चों का टीकाकरण

**सीहोर.** स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के तहत जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया. शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 470 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 168 बच्चों का टीकाकरण किया गया. इसके साथ ही 65 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया. गौरतलब है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर बच्चों के टीकाकरण के साथ ही गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है.

## नहर की सफाई न होने से किसान आक्रोशित

### जल संसाधन विभाग के अधिकारी कर रहे अनदेखी

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़/ मोहनगढ़

**जिले की मोहनगढ़ तहसील के मानसरोवर तालाब से छोड़ी जाने वाली नहर का पानी कई गांवों में सिंचाई के रूप में किसान खेती के लिए प्रयोग करते है । लेकिन इस साल मोहनगढ़ तालाब से छोड़ी जाने वाली नहर का मेंटेनेंस तो छोड़ो विधिवत रूप से साफ-सफाई तक नहीं कराई गई जिससे किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पहुंच पाने का अंदेशा है।**




किसानों को अपने खेतों की सिंचाई करने में दिक्कतें खड़ी होती नजर आ रही है जिसका मुख्य कारण नहर की देखरेख और साफ-सफाई न होना है वर्षों से नहरों में मिट्टी के ढेर और अनचाही वनस्पति एवं तमाम गंदगी जमी हुई है जो की पानी की सप्लाई को प्रभावित करती है। साफ तौर पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों की लापरवाही और अनदेखी को यह नहर दर्शाती है। जबकि नहरों की सफाई के नाम पर हर वर्ष आने बाली राशि का जल संसाधन विभाग बंदरबांट करने में लगा हुआ है। किसानों ने नहर की साफ-सफाई कराए जाने की मांग प्रशासन से की है ।नहरों की साफ सफाई ना होने से स्थानीय किसानों में आक्रोश देखने को मिल रहा है।

## निरंतर हो रही खाद की आपूर्ति

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिला समन्वय समिति द्वारा कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय टीकमगढ़ के मार्गदर्शन में रबी सीजन 2025-26 हेतु किसानों को सुलभता से खाद की उपलब्धता हेतु निरंतर खाद की आपूर्ति जिले में हो रही है।**

जिला विपणन अधिकारी अनिल कुमार नरवरे ने बताया गया कि गतवर्ष खरीफ2024 में विक्रय मात्रा 5896 मेट्रिक टन की अपेक्षा चालू वर्ष खरीफसीजन 2025 में मात्रा 12070मेट्रिक टन विक्रय हुआ है, जो गत्वर्ष के सीजन से मात्रा 6174 मेट्रिक टन अधिक विक्रय हुआ है। गतवर्ष रबी सीजन 2024-25 में मात्रा 31529 मेट्रिक टन विक्रय हुआ था। चालू वर्ष रबी सीजन 2025-26 में कुल मात्रा 10912 मेट्रिक टन की पूर्ति हो चुकी है। चूकि माह अक्टूबर, नवम्बर, दिसम्बर, जनवरी में फसलों के लिए रासायनिक खादों की आवश्यता होती हैं, जिसके लिए लगातार खाद की पूर्ति हो रही हैं। शीघ्र टीकमगढ़ रैक प्वाइंट पर एनएफएल यूरिया की रैक लगना संभावित है, जिसमें से टीकमगढ़ जिले के लिए 525मेट्रिक टन की पूर्ति हो रही हैं। हरपालपुर रैक प्वांइट से भी यूरिया एवं डीएपी का प्रदाय एवं पूर्ति जारी है। माह नबम्बर में टीकमगढ़ रैक प्वांइट पर एनएफएल की एनपी के 20:20:0:13 के दो रैक शीघ्र आना संभावित है, जिसमें से सहकारिता क्षेत्र को क्रमशः कुल मात्रा 886 मेट्रिक टनऔर 988मेट्रिक टन प्राप्त होगा जिससें टीकमगढ़ जिले में कुल 1874 मेट्रिक टन पूर्ति होगी।

## एक नजर में




### सबका साथ सबका विकास मंत्र पर अमल : नपाध्यक्ष

**सीहोर.** नपा परिषद में प्रति माह होने वाली परिषद विशेष सम्मेलन की बैठक में समस्त पार्षदगण एवं समस्त अधिकारीगण के साथ आयोजित की. बैठक के दौरान शहर में हो रहे विकास के अनुसार पूर्ण करने एवं सबका साथ सबका विकास' के मंत्र के साथ विस्तारक पूर्वक चर्चाएं की. इस मौके पर नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर की उपस्थित में एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थ, वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी की दरों में ऐतिहासिक कमी के अलावा आत्मनिर्भर भारत संकल्प आदि पर चर्चा की गई. नपाध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि हर वार्ड में करोड़ों रुपए के विकास कार्य तेजी से किए जा रहे हैं. आगे भी आप लोगों के सहयोग से स्वच्छता के साथ ही प्रदेश में विकास के साथ नंबर वन शहर को बनाया जाएगा. बैठक में सभापति पार्षदगण, सीएमओ सुधीर सिंह अधिकारी विजय कोहली सहित अधिकारी उपस्थित थे. सीएमओ ने कहा कि स्वच्छता में हमारे शहर का नाम देश-प्रदेश मे रोशन हो, अब इस उम्मीद को धरातल पर उतारने की बारी आ गई है. सरकार और सिस्टमके अलावा खुद ही घर से शुरुआत कर स्वच्छता हर हाल में लाने की ठानना ही होगा. हमारी जिम्मेदारी और शहर को अव्वल लाने की तैयारी, बेहतर परिणाम तय हैं.

### छात्रावास में इंसीनरेटर मशीन का शुभारंभ

**टीकमगढ़।** कृषि महाविद्यालय में एनएसएस अभियान के अंतर्गत छात्राओं के लिए सेनेटरी पैड बैंक तथा कन्या छात्रावास में इंसीनरेटर मशीन का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता डॉ.डीएस तोमर द्वारा की गई। इस पहल को एनएसएस प्रमुख एवं छात्रावास अध्यक्षिका डॉ. शीला रघुवंशी के मार्गदर्शन एवं अथक प्रयासों में आगे बढ़ाया गया। कार्यक्रम का आयोजन आश्रया फाउंडेशन एवं सम्वेदना फाउंडेशन द्वारा किया गया। कलेक्टर ने छात्राओं से संवाद कर अपने कार्यकाल की प्रेरक यात्रा साझा की। उन्होंने बालिकाओं की शिक्षा, लड़का-लड़की समानता, महिला सशक्तिकरण, जन-धन योजना, तथा कृषि, बागवानी एवं मत्स्य पालन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कृषि विद्यार्थी देश के भविष्य निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। साथ ही उन्होंने में कृषि विकास हेतु आगामी योजनाओं की जानकारी भी दी। आश्रया फाउंडेशन के संस्थापक प्रियांशु खेमेंरिया ने अपनी सामाजिक यात्रा के संबंध में जानकारी सभी से साझा की।

### नवोत्थान पथ संचलन आज

**सिरोंज,** राष्ट्र सेविका समिति सिरोंज नगर द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पथ संचलन 6 नवंबर गुरुवार को आयोजित किया जावेगा. जो स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर लिंक रोड विद्यालय से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होकर पुनः लिंक रोड विद्यालय पर पहुंचेगा. इस संबंध में जानकारी नगर कार्यवाहिका अर्चना चौहान ने बताया कि स्त्री राष्ट्र की आधार शिला है. इस ध्येय को लेकर राष्ट्र सेविका समिति महिलाओं के मध्य कार्य करने वाला संगठन है. महिलाओं के मध्य स्वाबलंबन, साहस के साथ ही स्वधर्म, स्वदेश के प्रति श्रद्धा व समर्पण के भावों के जागरण का उद्देश्य आगे रखते हुए इस संचलन का नाम नवोत्थान रखा गया है.

### कुंभराज में अज्ञात चोरों ने बिजली लाइन के तार उड़ाए

**गुना।** जिले के कुंभराज थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने 33 केवी हाईटेंशन लाइन से तांबे के तार चोरी कर लिए। इस घटना से विद्युत विभाग को हजारों रुपए का नुकसान हुआ है। एमपीईबी कुंभराज में संविदा लाइन हेल्पर पवन लोधा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि विगत दिवस सूचना मिली कि नर्सरी खटकिया से मुडरा के बीच 33 केवी लाइन के बिजली खंभों के तार टूटे पड़े हैं। जब एमपीईबी की टीम—जेई ललित तिलगम, टीए संदीप यादव और लाइनमैन नंदकिशोर नामदेव मौके पर पहुंचे, तो पाया कि अज्ञात व्यक्तियों ने रात के समय 11 पोल और एक डीपी तोड़कर लाइन को खींच लिया और तीनों फेज के आठ खंभों के तार चोरी कर लिए। चोरी गए तारों की कीमत लगभग 15 हजार रुपये बताई जा रही है। घटना 31 अक्टूबर से 1 नवंबर की रात के बीच की है।

## सिंधी समाज ने गुरुनानक जयंती धूमधाम से मनाई

नवभारत न्यूज

**हरदा, 05 नवम्बर** पूज्य सिंधी समाज द्वारा गुरु नानक जयंती के पावन अवसर पर बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ विविध धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रात: 5 बजे प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन, महिलाएं, युवा एवं बच्चे शामिल हुए और गुरु वाणी का गुणगान करते हुए नगर भ्रमण किया। प्रात: 7 बजे आरती, कीर्तन एवं प्रसाद वितरण का आयोजन हुआ, जिसके पश्चात गुरुद्वारा परिसर में साप्ताहिक पाठ साहिब का समापन हुआ, जिसमें गुरु वचनों का भावपूर्ण श्रवण किया गया। पूर्वाह्न 10 बजे विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। दोपहर 12 बजे रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें समाज के युवाओं ने बड़ी संख्या में रक्तदान कर मानवता और सेवा का संदेश दिया। दोपहर 1 बजे से गुरु का भोग साहिब एवं लंगर साहिब का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गुरु प्रसाद ग्रहण किया।

## 23 में से 20 बसों में नहीं मिली रेट लिस्ट

नवभारत न्यूज

**विदिशा 5 नवम्बर, जनता से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े मुद्दों पर भी निगरानी रखने और जांच करने के निर्देश कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिए थे. अपने नियमित राजस्व कार्यों के साथ-साथ इस आदेश के दायरे में एसडीएम, तहसीलदारों और नायब तहसीलदार को शामिल किया गया है.**



हाल ही में जारी किए गए निर्देश के बाद मैदान में उतरे सरकारी अमले ने जिले में संचालित यात्री बसें, पेट्रोल पंप एवं गैस एजेंसियों की समय-समय पर जांच की जाए, ताकि आम नागरिकों को असुविधा का सामना न करना पड़े. जो सूची जारी की गई उसके हिसाब से कई राजस्व अधिकारी जांच करने के लिए पहुंचे ही नहीं वहीं दूसरी तरफ जहां 23 बसों की जांच की गई जिनमे से 20 बसों में किराया सूची ही चस्पा नहीं थी. जिसके चलते मुसाफिरों को किराए के बारे में सही जानकारी नहीं मिल पाती है.

पेट्रोल पंप पर उपभोक्ताओं को जो सुविधाएं मिलना चाहिए वह पंपों पर नहीं मिल रही है.कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले में संचालित सभी प्रकार के पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण राजस्व अधिकारियों से एक साथ कराया गया है. सभी एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने अपने अपने कार्य क्षेत्रों में संचालित पेट्रोल पंपों पर प्रदाय बुनियादी सुविधाओं की भी मौके पर जांच की गई है.

## ग्राम मऊ में ओंकार ध्वनि का ब्रह्म नाद कर प्रभात फेरी निकाली

**पडाना 05 नवंबर, सं.** देव दीपावली एवं श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक कार्तिक पूर्णिमा महत्वपूर्ण पर्व के अवसर समीप ग्राम मऊ में श्री बजरंग प्रभात फेरी के तत्वाधान में ओंकार ध्वनि का ब्रह्म नाद एवं हरे कृष्णा हरे राम धूनी के साथ भजन कीर्तन करते हुए खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर से धार्मिक श्रद्धालु प्रवृत्ति के महिला एवं पुरुष के द्वारा विशेष प्रभात फेरी का आयोजन किया गया. जो नगर के हरिहर मोहल्ला,राम मंदिर चौक,नारायण मोहल्ला,ब्रिज चौराहा होते हुए खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर पहुंची. जहां देव दीपावली कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरु नानक जयंती के मौके पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया.

धरपकड़

**बमौरी थाना पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त कार को भी किया जप्त**

# सामूहिक दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**गुना। पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के दिशा निर्देशन में गुना पुलिस द्वारा जिले में विभिन्न प्रकरणों में फरार आरोपियों की धरपकड़ हेतु एक अभियान के रूप में कार्यवाहियां की जा रहीं है।**



इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी गुना विवेक अष्ठाना के पर्यवेक्षण में जिले के बमौरी थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप राजोरिया और उनकी टीम द्वारा थानांतर्गत एक महिला को कार में लिफ्ट देकर उसके साथ दुराचार के मामले में फरार अंतिम आरोपी को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि 12 मई 2025 को एक विवाहिता की ओर से बमौरी थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि दिनांक 11 मई 2025 को वह अपने गांव जाने के लिये वाहन का इंतजार कर रही थी इसी दौरान बलराम किरार निवासी ग्राम अमरोद की कार आने पर वह लिफ्ट लेकर उस कार में बैठ गई, कार में तीन अन्य व्यक्ति भी बैठे हुए थे। कार में उन चारों ने उसके साथ छेड़छाड़ व खींचातानी की एवं विरोध करने पर मारपीट की गई थी ।जिस पर से आरोपी बलाराम किरार एवं अज्ञात अन्य तीन के विरूद्ध बमौरी थाने में अप.क्र. 101/25 धारा 74, 75, 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना में आये तथ्यों एवं पीड़िता के पूरक कथनों में बलराम किरार द्वारा अपने अन्य तीन साथियों की मदद से पीडिता के साथ गलत काम किया जाना पाये जाने पर प्रकरण में धारा 64(1), 70(1) बीएनएस इजाफा की जाकर बमौरी थाना पुलिस द्वारा प्रकरण के आरोपियों की सरगर्मी तलाश की गई.

पूर्व में तीन आरोपी बलराम किरार, अतुल सेन एवं पुष्पेन्द्र किरार गिरफ्तार जेल भेजा जा चुका है एवं प्रकरण में फरार शेष व अंतिम आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी रखते हुए जिसकी तलाश हेतु अपना मुखबिर जाल बिछाकर सभी संभावित जगहों पर सघन दविश दीं गईं, जिसके तहत तक 04 नवम्बर 2025 को आरोपी के संबंध में मुखबिर सूचना पर बमौरी थाना पुलिस द्वारा 06 माह से फरार अंतिम आरोपी छोटू पुत्र बाबूलाल किरार को भी गिरफ्तार कर लिया गया।